# पं. सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर

( छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित )
कोनी–बिरकोना मार्ग ,बिलासपुर (छ.ग.) 495009
दूरभाष क्रमांक : (07752) 210312 फैक्स : (07752) 213073
www.pssou.ac.in Email – registrar@pssou.ac.in


क्र. Q-109/गोप./2021 बिलासपुर दिनांक 15/05/2021

## //अधिसूचना//

छततीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर, अटलनगर द्वारा जारी आदेश क्र. एफ 17–1/2021/38–2 नवा रायपुर, दिनांक 21/04/2021 के अनुपालन में विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित सत्रांत परीक्षा जुलाई–जून 2020–21 के स्नातक प्रथम, द्वितीय एवं अंतिम वर्ष, स्नातकोत्तर पूर्व एवं अंतिम वर्ष तथा सभी डिप्लोमा पाठ्यक्रम के सत्रांत परीक्षा की अंतिम समय सारणी घोषित की जाती है। सत्रांत परीक्षा दिनांक 15/06/2021 से ऑनलाईन मोड में आयोजित की जायेगी। बी.ए., बी.एस–सी.,बी.कॉम., बी.बी.ए. पाठ्यक्रम की आधार पाठ्यक्रम की परीक्षा OMR Sheet में आयोजित होगी।

संलग्नः 1. परीक्षार्थियों हेतु निर्देश।
2. विस्तृत समय–सारणी।

आदेशानुसार
(हस्ताक्षर)
परीक्षा नियंत्रक

क्र. Q-110/गोप./2021 दिनांक 15/05/2021

प्रतिलिपि :–

1. माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदया के प्रमुख सचिव, छततीसगढ़।
2. सचिव, उच्च शिक्षा, छततीसगढ़ शासन, महानदी भवन, मंत्रालय, नवा रायपुर।
3. आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, ब्लॉक–सी–30, द्वितीय/तृतीय तल, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर।
4. कुलपति जी के निज सचिव को मान. कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
5. कुलसचिव के निज सहायक को कुलसचिव जी के अवलोकनार्थ।
6. प्राचार्य/समन्वयक, समस्त परीक्षा केन्द्र/अध्ययन केन्द्र की ओर सूचनार्थ।
7. वित्ताधिकारी, पं.सुन्दरलाल शर्मा(मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ की ओर सूचनार्थ।
8. क्षेत्रीय समन्वयक, क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर/दुर्ग/रायपुर/जशपुर/जगदलपुर/कांकेर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
9. परीक्षा प्रभारी, पं.सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, छत्तीसगढ़ की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु।
10. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट, को निर्देशार्थ कि संलग्न सूचना को विश्वविद्यालय के वेबसाईट में प्रकाशित करें।
11. संपादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र/ पत्रिकाएं ........................................को इस निवेदन के साथ कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्रों के आगामी अंक में छात्रहित को ध्यान में रखते हुए समाचार पत्र के रूप में प्रकाशित करने का कष्ट करें।
12. कार्यालय प्रति।

परीक्षा नियंत्रक

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge NAAC Criteria
PSSOU, CG Bilaspur

सत्रांत परीक्षा सत्र 2019--20 परीक्षा के संबंध में छात्रों के लिए निर्देश निम्नानुसार है–

उत्तर पुस्तिका प्राप्त करने संबंध में

- सत्रांत परीक्षा की उत्तर पुस्तिका विश्वविद्यालय के वेब साईट www.pssou.ac.in पर अपलोड किया गया है।
- परीक्षार्थी उपरोक्त वेबसाइड से अपने सभी प्रश्नपत्रों की उत्तर पुस्तिका को डाउनलोड कर उसका प्रिंट ले सकते है। इसका उपयोग वे उत्तर लिखने में कर सकते है।
- असुविधा की स्थिति में परीक्षार्थी अपने अध्ययन केन्द्र के समन्वयक/सहायक समन्वयक/समन्वय सहायक से संपर्क कर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त उत्तर पुस्तिका प्राप्त कर सकेंगे। अध्ययन केन्द्र से उत्तरपुस्तिका लेने छात्र स्वयं जाये, किसी भी अन्य व्यक्ति को उत्तरपुस्तिका प्रदान नहीं की जायेंगी।
- ऐसा न हो सकने की स्थिति में परीक्षार्थी ए–4 साईज के पेपर पर अपना उत्तर लिख सकेंगे इसके लिए उन्हे सत्रीय कार्य हेतु प्राप्त उत्तर पुस्तिका को प्रारुप के अनुसार निर्धारित स्थान में उत्तर लिखना होगा यह भी कि परीक्षार्थी को वि.वि. वेब साईड पर दिये गये उत्तर पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ को डाउनलोड कर उसमें सभी विवरण भरकर सबसे ऊपर लगाकर प्रश्नपत्र हल करना है।

प्रश्न पत्र प्राप्ति के संबंध में

- छात्र प्रश्न–पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाईट **www.pssou.net** के **Student Services -> Student login** में समय सारणी के अनुसार निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व डाउन लोड कर हल कर सकते है। प्रश्नपत्र डाउनलोड न होने की स्थिति मे अनपे उध्ययन केन्द्र से सम्पर्क करें।
- प्रश्न पत्र निर्धारित समय 03 घंटे विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध रहेगा। निर्धारित समय पश्चात् प्रश्न हटा लिये जायेंगे।

उत्तर पुस्तिका पर उत्तर का लेखन

- परीक्षार्थी द्वारा घोषणा की जावेगी कि प्रश्नों के उत्तर उनके द्वारा स्वयं की हस्तलिपि में लिखे गये है।
- छात्र समय सारणी के अनुसार निर्धारित समय 03 घंटे में प्रश्न–पत्र घर पर हल करें।
- निर्धारित समय पश्चात् लेखन बंद कर उत्तरपुस्तिका बिना मोड़े एक लिफाफे में सील बंद कर उसके ऊपर नाम, अनुक्रमांक, विषय प्रश्न पत्र दर्शाये। उसी प्रकार सभी प्रश्नपत्रों का लिफाफा तैयार करना होगा।
- नेत्रहीन/दिव्यांग परीक्षार्थी को निर्धारित समय में लेखक की सुविधा होगी।

लिखित उत्तर पुस्तिका जमा करने हेतु निर्देश

- छात्र उत्तरपुस्तिका रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा अपने अध्ययन केन्द्र/ महाविद्यालय के पते पर भेज सकते है जिसकी पावती छात्र अपने पास सुरक्षित रखे। असुविधा की स्थिति में छात्र उत्तर पुस्तिका अंतिम परीक्षा तिथि के बाद तीन दिवस के भीतर परीक्षार्थी एक बड़े लिफाफे में सभी विषय के उत्तरपुस्तिका रखकर विवरण दर्शाकर अपने अध्ययन केन्द्र में संपर्क कर जमा कर सकेंगे। जिसकी पावती अध्ययन केन्द्र से लेना सुनिश्चित करें। विद्यार्थी अपनी लिखी हुई उत्तरपुस्तिका विश्वविद्यालय वेबसाइट पर भी अपलोड कर सकते है।
- परीक्षा समाप्ति के तीन दिवस के भीतर उत्तरपुस्तिका जमा न करने की स्थिति में छात्र को अनुपस्थित माना जावेंगा।
- परीक्षा से संबंधित कोई भी समस्या होने पर छात्र विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित कन्ट्रोल रूम में सम्पर्क कर सकेंगे।

सम्पर्क सूत्र– परीक्षा नियंत्रक – 07752–240703, 9993858412
परीक्षा प्रभारी – 07752–240705, 9406304440

Shri Resham Lal Pradhan
Incharge ... Criteria
PSSOU, CG Bilaspur

VERIFIED
REGISTRAR
Pt. Sunderlal Sharma (Open)
University Chhattisgarh
BILASPUR (C.G.)